दिनांकः 07.03.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–स्वस्थ भारत से ही विकसित भारत का निर्माण संभव।**
- **गृह निर्माण सहकारी समितियों पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार की ओर से नया सहकारिता अधिनियम बनाने की तैयारी।**
- **उच्च न्यायालय सहित प्रदेश के सभी न्यायालयों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी।**
- **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 44 भर्ती परीक्षाओं का संशोधित कलेण्डर जारी किया।**

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत का सपना स्वस्थ भारत के निर्माण से ही साकार हो सकता है। वे आज गुजरात के सिलवासा में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने और लोगों को सस्ती कीमतों पर दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन–औषधि केंद्रों के नेटवर्क का विस्तार करने के लिए सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने सिलवासा में नमो अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन किया। उन्होंने दो हजार 587 करोड़ रुपये की 62 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री कल नवसारी में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होने वाले लखपति दीदी सम्मेलन में भाग लेगें।

---

आज जनऔषधि दिवस है। जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ये दिन मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जन औषधि दिवस लोगों को अच्छी क्वालिटी की सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि ये दिन स्वस्थ और फिट इंडिया का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण दवाएं देश के हर कोने तक पहुंच रही हैं और जन औषधि मॉडल अब दुनिया को प्रेरित कर रहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, **''अच्छी भी–सस्ती भी''** मंत्र के साथ सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है।

उन्होंने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के दौर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक भारतीय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

---

जन औषधि दिवस के अवसर पर पाली जिला मुख्यालय में बड़ी संख्या में मरीजों की बीपी, शुगर जांच की गई। प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र पर हुए इस जांच शिविर में बुजुर्ग भी पहुंचे। राजसमंद जिला चिकित्सालय में लाभार्थी संवाद कार्यक्रम रखा गया। सवाईमाधोपुर में केन्द्रों पर जनऔषधि उत्पादों के प्रचार–प्रसार का संकल्प लिया गया।

------------------------------------------

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे दो दिवसीय यात्रा पर आज जैसलमेर पहुंचे। उन्होंने तनोट माता मन्दिर में विशेष पूजा–अर्चना कर प्रदेश में अमन, चैन और खुशहाली कामना की। राज्यपाल ने विजय स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद श्री बागड़े सीमा चौकी बावलियां वाला पहुंचे। उन्होंने बीएसएफ जवानों से मुलाकात की। राज्यपाल ने सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों के साथ आंतरिक सुरक्षा समन्वय बैठक की। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में आंतरिक सुरक्षा के लिए मजबूत तंत्र और क्षेत्र में पीने के पानी तथा सड़क सहित मूलभूत सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने रणाऊ गांव में ग्रामीणों की सभा को भी सम्बोधित किया।

------------------------------------------

नगरीय विकास और आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि राज्य सरकार की ओर से नया सहकारिता अधिनियम बनाने की प्रकिया चल रही है। इस अधिनियम में गृह निर्माण सहकारी समितियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष प्रावधान किये जायेगें। जिससे निजी कॉलोनाइजर्स की ओर से होने वाली गडबडियों को रोका जा सके। श्री खर्रा ने आज विधानसभा में कहा कि निजी क्षेत्र में विकसित की जाने वाली कॉलोनियां स्थानीय निकाय से अनुमोदन के बिना ही बना दी जाती है। इनमें मूलभूत सुविधाएं भी नहीं होती, ऐसे में आम लोगों को नुकसान उठाना पडता है। उन्होंने कहा कि नये सहकारिता अधिनियम में गृह निर्माण सहकारी समितियों की ओर से विकसित की जाने वाली कॉलोनियों में सभी आवश्यक सुविधाओं के लिए अनिवार्यता होगी। नियमों का उल्लंघन करने पर कठोर कार्यवाही के प्रावधान किये जायेगें।

------------------------------------------

राष्ट्रीय लोक अदालत कल आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से इस साल की पहली लोक अदालत का आयोजन हाईकोर्ट जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ और राजस्व न्यायालयों, उपभोक्ता आयोगों तथा अन्य प्रशासनिक अधिकरणों में लगाई जाएगी। लोक अदालतों के जरिये राजीनामे विवाद जल्दी, सरल और सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटाने का अवसर दिया जाता है।

------------------------------------------

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के विज्ञान भवन में होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन **नारी शक्ति विकसित भारत** थीम पर किया जा रहा है।

राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर अखिल भारतीय महिला अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। दो दिन के सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से करीब एक हजार अधिवक्ता भाग लेंगी।

प्रदेश में भी इस अवसर पर विभिन्न आयोजन होगें। महिला दिवस की पूर्व संध्या पर पत्र सूचना कार्यालय और केन्द्रीय संचार ब्यूरो तथा ब्यूरो ऑफ स्टैंडर्स की ओर से आज जयपुर में विशेष कार्यक्रम रखा गया है। इसके माध्यम से भारतीय न्याय संहिता और नये आपराधिक कानूनों की जानकारी दी जा रही है। सीबीसी की ओर से जोधपुर में भी विचार गोष्ठी आयोजित की गई। महिला दिवस सप्ताह के तहत पाली के मानपुरा–भाकरी के सरकारी स्कूल में किशोरियों के लिए कार्यशाला रखी गई। इसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

बांसवाडा में कल से महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता बढाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से सभी महिला रोगियों की स्क्रीनिंग की जाएगी।

राज्यपाल हरिभाउ बागडे ने नारी शक्ति को नमन करते हुए महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी स्तरों पर प्रयास कर महिलाओं और बालिकाओं की बेहतरी के लिए सकारात्मक वातावरण बनाने का आह्वान किया है।

---------------------------------------------

अंतरराष्ट्रीय–महिला–दिवस के उपलक्ष्य में पंचायती राज मंत्रालय की ओर से पिछले दिनों दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यशाला रखी गई। **सशक्त पंचायत नेत्री** अभियान के तहत रखी गई इस कार्यशाला में सवाईमाधोपुर जिले की चार महिला जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जिले की कोड्याई ग्राम पंचायत को मॉडल महिला हितैषी ग्राम पंचायत घोषित किया गया है। पंचायत प्रशासक प्रेम देवी ने बताया कि महिलाओं को जागरूक करने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

---------------------------------------------

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने मार्च 2025 से सितंबर 2026 तक होने वाली 44 भर्ती परीक्षाओं का संशोधित कैलेंडर जारी किया है। इसमें परीक्षाओं की संभावित तिथियों के साथ–साथ परिणाम घोषित होने की अनुमानित तारीखें भी शामिल हैं। बोर्ड के सचिव डॉ. भागचंद बधाल ने बताया कि यह कैलेंडर आज बोर्ड की वेबसाइट पर जारी किया गया।

बोर्ड के अनुसार, 2025 में मार्च से दिसंबर महीने तक 35 भर्ती परीक्षाएं होगी। वहीं 2026 में नौ परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

--------------------------------------------

जोधपुर में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर से क्राफ्ट बाजार लगाया गया है। दो दिन तक चलने वाले बाजार में विभिन्न हस्तशिल्प और हथकरघा कारीगरों द्वारा बनाई गई वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

--------------------------------------------

**इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स–आईफा** 2025 समारोह कल से जयपुर में शुरू हो रहा है। आईफा का ये रजत जयंती समारोह होगा। जेईसीसी में होने वाले इस दो दिन के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बॉलीवुड के कई फिल्मी सितारों और नामचीन हस्तियों का जयपुर पहुंचने का सिलसिला जारी है। समारोह पहले दिन कल डिजिटल अवॉड्र्स दिए जाएंगे। वहीं 9 मार्च को बॉलीवुड सितारों की रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच आईफा अवॉड्र्स का आयोजन होगा।

--------------------------------------------

बीकानेर में कल से थिएटर फेस्टिवल शुरू हो रहा है। जिला प्रशासन, बीकानेर विकास प्राधिकरण तथा उत्तर–पश्चिम रेलवे के सहयोग से इस पांच दिवसीय फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक हरि शंकर आचार्य ने बताया कि इस दौरान रोजाना विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियां और रंग संवाद कार्यक्रम होगें।

--------------------------------------------